केन्द्रीय विद्यालय संगठन
लखनऊ संभाग
सत्रांत पुन:-परीक्षा 2023-2024

कक्षा –6
विषय - हिंदी
समय – 2:30 घंटे
पूर्णांक - 60

सामान्य निर्देश :
.इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं-क, ख, ग और घ ।
. सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार देना अनिवार्य है।
. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।
. प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं |

## खंड – क
## (अपठित गद्यांश/पद्यांश पर आधारित प्रश्न)

प्र.1- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। (1x5=5)

नर्मदा नदी के तीर पर एक बड़ा सेमल का वृक्ष था। उस पर पक्षी घोंसला बनाकर उसके भीतर, सुख से रहा करते थे। एक दिन आसमान में काले बादल छाए। उसके बाद मूसलाधार बारिश हुई। बारिश से बचने के लिए बंदरों का झुंड पेड़ के नीचे आया। उसी पेड़ पर पक्षियों का परिवार रहता था। उन भीगे और ठण्ड से काँपते बंदरों को देख पक्षियों को दया आयी। पक्षियों ने दया से कहा – अरे भाई बंदरों सुनो, हमने केवल अपनी चोंच की मदद से इकट्ठा किये हुए तिनकों से घोंसले बनाये हैं और तुम तो हाथ, पाँव आदि से युक्त हो कर भी ऐसा दुख क्यों भोग रह हो? यह सुन कर बंदर झुँझला गए। उन्होंने आपस में विचार किया कि घोंसलों में आराम से रह कर ये हमारा मजाक उड़ा रहे हैं। इन्हें सबक सिखाया जाए। बंदरों ने पक्षियों के घोंसलों पर हमला कर दिया। पक्षी किसी तरह जान बचाकर उड़ पाए। बंदरों ने सारे घोंसलों को तहस- नहस कर दिया। पक्षियों के अंडे फूट गए। बारिश भी बंद हो गयी थी। बन्दरों का समूह अपनी दुष्टता पर खुश हो कर चला गया। पक्षी

आज बिना घोंसलों के थे। फिर से तिनका - तिनका जोड़ कर घोंसला बनाने की तैयारी में पक्षी का परिवार निकल गया।

i) पक्षी घोंसला बनाकर कहाँ रहते थे?
(क) बंदरों के साथ (ख) नर्मदा नदी में
(ग) वृक्ष पर (घ) आसमान में

ii) पक्षियों ने बंदरों को क्या सलाह दी?
(क) बादलों को भगाने को कहा (ख) घोंसला बनाने को कहा
(ग) घर बनाने को कहा (घ) उपरोक्त सभी

iii) बंदरों ने आपस में क्या विचार किया?
(क) घर कैसे बनाया जाए (ख) पक्षियों को कैसे सबक सिखाया जाए
(ग) पक्षियों को कैसे भगाया जाए (घ) उपरोक्त सभी

iv) 'नदी' शब्द का पर्यायवाची कौन- सा नहीं है?
(क) तरिनी (ख) सरिता
(ग) तटिनी (घ) तरंगिनी

v) बंदरों द्वारा किये गये हमले से क्या हुआ?
(क) घोंसले टूट गये (ख) बंदर खुश हो गये
(ग) पक्षी भाग गये (घ) उपरोक्त सभी

प्र.2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। (1x5=5)

मेले से लाया हूँ इसको, छोटी-सी प्यारी गुड़िया,
बेच रही थी इसे भीड़ में, बैठी नुक्कड़ पर बुढ़िया।
मोल-भाव करके लाया हूँ, ठोक-बजाकर देख लिया,
आँखें खोल मूँद सकती है, वह कहती है पिया-पिया।
जड़ी सितारों से है इसकी, चुनरी लाल रंग वाली,
बड़ी भली हैं इसकी आँखें, मतवाली काली-काली।

नए-नए कपड़े-गहनों से, तुझको रोज़ सजाऊँगा,
खेल-खिलौनों की दुनिया में, तुझको परी बनाऊँगा।

i) कवि गुड़िया कहाँ से और किससे खरीद कर लाया?
(क) मेले में दादी जी से (ख) मेले में बुढ़िया से
(ग) मोलभाव से बुढ़िया से (घ) उपरोक्त सभी

ii) गुड़िया खरीदते समय कवि ने इसकी क्या विशेषताएँ देखीं?
(क) जिया जिया बोलना (ख) मुस्कराना
(ग) आँखे खोलना बंद करना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

iii) कवि गुड़िया को कैसे सजाना चाहता है?
(क) नये-नये कपड़ों से (ख) रत्नों से
(ग) लाल रंग की चुनरी से (घ) उपरोक्त सभी

iv) कवि गुड़िया को क्या बनाना चाहता है?
(क) सजीव खिलौना (ख) खेल - खिलौना
(ग) परी (घ) काली - काली

v) 'नुक्कड़' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) मोड़ (ख) सड़क
(ग) बाज़ार (घ) घर

## खंड – ख
### भाषा की बात (व्याकरण आधारित प्रश्न)

प्र.3- निम्नलिखित व्याकरण अधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर दीजिए। (1x12=12)

i) 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग होता है-
(क) किसी अन्य के लिये (ख) निश्चितता के लिये

(ग) स्वयं के लिये (घ) संबंध दर्शाने के लिये

ii) ‘वह धीरे-धीरे सारा खाना खा गया’ वाक्य में क्रियाविशेषण है-

(क) खाना (ख) सारा

(ग) वह (घ) धीरे-धीरे

iii) ‘हाथ साफ़ करना’ मुहावरे का अर्थ है-

(क) हाथ धुलना (ख) सफ़ाई करना

(ग) चोरी करना (घ) भाग जाना

iv) ‘चिकनाहट’ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(क) चिकना (ख) आहट

(ग) हट (घ) नाहट

v) कवि शब्द का स्त्रीलिंग है-

(क) कविता (ख) कवियित्री

(ग) कवयित्री (घ) कवित्री

vi) ‘नदी’ शब्द का बहुवचन होगा-

(क) नदीयाँ (ख) नादियाँ

(ग) नदियाँ (घ) नदिया

vii) ‘रंगीन फूलों से बगीचा खिल उठा’ वाक्य में विशेषण शब्द है-

(क) रंगीन (ख) फूलों

(ग) बगीचा (घ) खिल उठा

viii) ‘हवा’ शब्द का पर्यायवाची नहीं है-

(क) अनल (ख) पवन

(ग) अनिल (घ) वायु

ix) शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिये-

(क) बिमार (ख) तिथि

(ग) मृत्यू (घ) सप्ताहिक

x) समरूपी भिन्नार्थक शब्द ‘कुल-कूल’ के सही अर्थ वाला युग्म है-

(क) वंश-ठंडा (ख) पूरा-वंश

(ग) वंश-तट (घ) ठंडा-किनारा

xi) “अपना’ शब्द का विलोम है-

(क) हमारा (ख) तुम्हारा

(ग) पराया (घ) सपना

xii) बिजली के तारों को हाथ नहीं लगाना चाहिये| वाक्य का भेद बताइये-

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) प्रश्नवाचक वाक्य

(ग) संदेहवाचक वाक्य (घ) निषेधवाचक वाक्य

## खंड – ग

## (पाठ्य पुस्तक आधारित प्रश्न)

प्र.4- निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए। (1x5=5)

एक विशेष बात यह है कि नारियों के गाने साधारणत: अकेले नहीं गाये जाते, दल बाँधकर गाये जाते हैं। अनेक कंठ एक साथ फूटते हैं यद्यपि अधिकतर उनमें मेल नहीं होता, फिर भी त्योहारों और शुभ अवसरों पर वे बहुत ही भले लगते हैं। गाँवों और नगरों में गायिकायें भी होती हैं जो विवाह, जन्म आदि के अवसरों पर गाने के लिये बुला ली जाती हैं। सभी ऋतुओं में स्त्रियाँ उल्लसित होकर दल बाँधकर गाती हैं। पर होली, बरसात की कजरी आदि तो उनकी अपनी चीज है, जो सुनते ही बनती है। पूरब की बोलियों में अधिकतर मैथिल-कोकिल विद्यापति के गीत गाये जाते हैं। पर सारे देश के कश्मीर से कन्याकुमारी- केरल तक और काठियावाड़- गुजरात- राजस्थान से उड़ीसा- आँध्र तक अपने –अपने विद्यापति हैं।

i) लोकगीत कब गाये जाते हैं?

(क) जन्म के समय (ख) विभिन्न ऋतुओं में

(ग) त्योहारों पर (घ) उपरोक्त सभी

ii) विद्यापति कौन है?

(क) एक लोकगीत (ख) एक त्योहार

(ग) लोकगीतों के रचयिता (घ) पूरब दिशा

iii) उपरोक्त अनुच्छेद में किस ऋतु का नाम आया है?

(क) होली (ख) बारिश

(ग) कजरी (घ) उपरोक्त सभी

iv) 'दल' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) देश (ख) गाँव

(ग) समूह (घ) नगर

v) 'सारे देश के अलग-अलग क्षेत्रों में उनके अपने-अपने विद्यापति हैं' का क्या अर्थ है?

(क) अलग - अलग राजा हैं (ख) हर क्षेत्र के अपने लोकगीतकार हैं

(ग) अलग - अलग गीत हैं (घ) उपरोक्त सभी

प्र.5- निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।

(1x5=5)

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोद में सोऊँ
तेरा अंचल पकड़-पकड़,
फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ

i) उपरोक्त कविता के कवि का नाम लिखिए ।

(क) सुमित्रानंदन पन्त (ख) प्रेमचंद
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

ii) बेटी किसकी गोद में सोना चाहती है?

(क) नानी (ख) पिता
(ग) माँ (घ) दादी

iii) बेटी कैसे फिरना चाहती है?

(क) तेरे साथ (ख) फिरू सदा माँ
(ग) माँ का आँचल पकड़-पकड़ (घ) तेरी गोद

iv) बेटी क्या चाहती है?

(क) बोलना चाहती है (ख) पढ़ना चाहती है
(ग) रोना चाहती है (घ) माँ की गोद में सोना

v) 'हाथ' शब्द का पर्यायवाची है -

(क) पाणि (ख) हस्त
(ग) कर )घ) उपरोक्त सभी

प्र.6- निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर दीजिए।
(2x2=4)

i) गांधी जी आश्रम में किस प्रकार का काम करते थे? उदाहरण सहित लिखिये।

ii) लेखिका कृष्णा सोवती बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं?

iii) पाठ 'संसार पुस्तक है' में लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है?

प्र.7- निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर दीजिए। (2x2=4)

i) राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की?

ii) झाँसी की रानी के जीवन से हम क्या प्रेरणा ले सकते हैं?

iii) 'किन्तु कालगति चुपके-चुपके काली घटा घेर लाई' पंक्ति में किस घटना की ओर संकेत है?

प्र.8- निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x3=6)

i) रावण ने कुम्भकर्ण को क्यों जगाया?

ii) लंका छोड़ने से पहले हनुमान ने लंका में उत्पात क्यों मचाया?

iii) शबरी कौन थी?

iv) सुग्रीव ऋष्यमूक पर्वत पर क्यों और किसके डर से रहते थे ?

## खंड – घ

## (रचनात्मक लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न)

प्र.9- निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर 80-100 शब्दों में निबंध लिखिए। (5)

(i) योग और हमारा जीवन

(ii) विद्‌यार्थी और अनुशासन

(iii) मेरे जीवन का लक्ष्य

प्र.10- अपने मित्र को होली की छुट्‌टियाँ अपने साथ बिताने के लिए आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए । (5)

अथवा

अपने चाचाजी की शादी में जाने के लिए चार दिन का अवकाश माँगते हुए प्राचार्य को एक प्रार्थना- पत्र लिखिए ।

प्र.11- दो मित्रों के बीच वार्षिक परीक्षा के विषय में हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिये | (4)

अथवा

'मोबाइल फ़ोन से होने वाले लाभ – हानि ' विषय पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए |